अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**01 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

**प्रमुख बिन्दु**

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

**USEFUL FOR**

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **विश्व रेंजर दिवस : 31 जुलाई**




- 31 जुलाई 1992 को इंटरनेशनल रेंजर्स फाउंडेशन (आईआरएफ) की स्थापना यूके के पीक नेशनल पार्क में हुई।
- इस फाउंडेशन को कंट्रीसाइड मैनेजमेंट एसोसिएशन (सीएमए), स्कॉटिश कंट्रीसाइड रेंजर्स एसोसिएशन (एससीआरए) और यूएस एसोसिएशन ऑफ नेशनल पार्क रेंजर्स (एएनपीआर) के बीच एक समझौते के बाद बनाया गया था।

2. **भारत और भूटान ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।**



- भारत और भूटान ने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।
- विदेश सचिव विनय क्वात्रा और उनके भूटानी समकक्ष औम चोडेन ने भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह- अध्यक्षता की।
- भारत और भूटान के विदेश सचिवों ने ऊर्जा क्षेत्र, विकास साझेदारी, सीमा पार कनेक्टिविटी, व्यापार और आर्थिक संबंधों में द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति का उल्लेख किया।
- विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान एक अनुकरणीय द्विपक्षीय संबंध साझा करते हैं।

3. **आदित्य सामंत भारत के 83वें ग्रैंडमास्टर बने**



- बील अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में मास्टर टूर्नामेंट (एमटीओ) में अपना तीसरा जीएम नॉर्म अर्जित करने के बाद आदित्य सामंत भारत के 83वें ग्रैंडमास्टर बन गए।
- महाराष्ट्र के खिलाड़ी ने पिछले साल अगस्त में अबू धाबी मास्टर्स में ग्रैंडमास्टर बनने के लिए अपना पहला नॉर्म अर्जित किया था।
- उनका दूसरा मानदंड पिछले साल दिसंबर में तीसरे एल लोब्रेगेट ओपन में हासिल किया गया था।
- आदित्य बील शतरंज टूर्नामेंट में अपना अंतिम जीएम नॉर्म हासिल करने वाले तीसरे भारतीय हैं।

4. **वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता**



- ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने चीन के चेंगदू में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल अपने नाम किया.
- निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, दिव्यांश सिंह पंवार और अर्जुन बाबुता ने चीन को हराकर 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम का स्वर्ण पदक भी जीता.
- भारतीय निशानेबाजों और तीरंदाजों ने अभी तक कुल छह पदक जीत चुके है.

5. **भारत के G20 प्रेसीडेंसी के तहत थिंक20 शिखर सम्मेलन का आयोजन मैसूर में किया जा रहा है**




- ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ), भारत के G20 प्रेसीडेंसी के तहत थिंक20 शिखर सम्मेलन का आयोजन मैसूर में किया जा रहा है.
- इस बैठक में प्रासंगिक नीतिगत मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है. तीन दिवसीय सम्मेलन में दुनिया भर के सात थिंक20 टास्क फोर्स के प्रतिष्ठित सदस्य भाग ले रहे है.
- गौरतलब है कि भारत इस वर्ष G20 समूह की अध्यक्षता कर रहा है.

6. **भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ ने मैजिकपिन स्टार्टअप साथ समझौता किया**



- हाइपरलोकल ई-कॉमर्स स्टार्टअप मैजिकपिन ने हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) के साथ एक समझौता किया है.
- इसके तहत सरकार समर्थित ओएनडीसी पर पंजीकृत चुनिंदा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से 70 रुपये प्रति किलोग्राम पर टमाटर बेचना शुरू किया है.
- एनसीसीएफ की स्थापना 16 अक्टूबर 1965 को की गयी थी.
- एनसीसीएफ भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत कार्य करता है.

7. **बेंगलुरु वर्ल्ड सिटीज़ कल्चर फ़ोरम (WCCF) का हिस्सा बनने वाला पहला भारतीय शहर बन गया**



- बेंगलुरु वर्ल्ड सिटीज़ कल्चर फ़ोरम (WCCF) का हिस्सा बनने वाला पहला भारतीय शहर बन गया है.
- इसके साथ ही बेंगलुरु न्यूयॉर्क, लंदन, पेरिस, टोक्यो और दुबई जैसे शहरों की लीग में शामिल हो गया है.
- इस फ़ोरम में वर्तमान में छह महाद्वीपों में फैले 40 शहर शामिल है.
- इसकी स्थापना 2012 में लंदन के डिप्टी मेयर फॉर कल्चर एंड द क्रिएटिव इंडस्ट्रीज जस्टिन सिमंस ओबीई द्वारा की गई थी.

8. **भारत में बाघों की आबादी को 6.1% प्रति वर्ष की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 3 हजार 925 अनुमानित किया**



- भारत में बाघों की आबादी को 6.1% प्रति वर्ष की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 3 हजार 925 अनुमानित किया गया है.
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार ने इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की है.
- पिछले साल मैसूरु में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के जश्न के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाघों की न्यूनतम आबादी 3 हजार 167 घोषित की थी.

9. **भारतीय-अमेरिकी नीति विशेषज्ञ निशा बिस्वाल को अमेरिकी वित्त एजेंसी के सीईओ के रूप में नियुक्त किया**



- भारतीय-अमेरिकी नीति विशेषज्ञ निशा बिस्वाल को अमेरिकी वित्त एजेंसी के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त किया गया है.
- इनकी नियुक्ति की पुष्टि अमेरिकी सीनेट द्वारा हाल ही में की गयी. बिस्वाल यूएस के अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त निगम के उप सीईओ के रूप में काम करेंगी.
- बिस्वाल के पास 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है.

10. **श्रीलंका एथलेटिक्स राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारत ने 14 पदक जीते**




- भारतीय टीम ने श्रीलंका एथलेटिक्स राष्ट्रीय चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते.
- कोलंबो के सुगाथादासा स्टेडियम में प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारतीय एथलीटों ने छह पदक जीते.
- भारत के जेवलिन थ्रोअर किशोर कुमार जेना ने भी इवेंट में गोल्ड जीता साथ ही उन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष थ्रोअर ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया.

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस प्रत्येक वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
(a) 28 जुलाई
(b) 29 जुलाई
(c) 30 जुलाई
(d) 31 जुलाई

**2. मानव तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस हर वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
(a) 27 जुलाई
(b) 28 जुलाई
(c) 29 जुलाई
(d) 30 जुलाई

**3. हाल ही में किसके द्वारा "मेमोरीज़ नेवर डाई" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया है?**
(a) अमित शाह
(b) नरेन्द्र मोदी
(c) योगी आदित्यराज
(d) राजनाथ सिंह

**4. पश्चिम बंगाल के ज्योति बसु की जगह लेने के बाद किस राज्य के मुख्यमंत्री देश में दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं?**
(a) केरल
(b) तमिलनाडु
(c) ओडिशा
(d) आंध्र प्रदेश

**5. विश्व स्तर पर संसाधन दक्षता और सर्कुलर अर्थव्यवस्था की प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए किसने संसाधन दक्षता सर्कुलर इकोनॉमी इंडस्ट्री गठबंधन (RECEIC) लॉन्च किया है?**
(a) नरेंद्र मोदी
(b) भूपेन्द्र यादव
(c) अमित शाह
(d) पीयूष गोयल

**6. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राजस्थान में कितने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन किया है?**
(a) 6
(b) 5
(c) 10
(d) 12

**7. भारत ने किस राज्य के राज्य राजमार्गों को उन्नत करने के लिए ADB के साथ 295 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए हैं?**
(a) त्रिपुरा
(b) पश्चिम बंगाल
(c) असम
(d) बिहार

**8. एसबीआई रिसर्च की इकोरैप रिपोर्ट 2023 के अनुसार, अगर भारत अपनी वर्तमान विकास दर को बरकरार रखता है, तो किस वर्ष तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है?**
(a) 2026
(b) 2027
(c) 2028
(d) 2029

**9. पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?**
(a) अमिताव घोष
(b) विक्रम सेठ
(c) प्रेम प्रकाश
(d) के.के. शैलजा

**10. बायकुला रेलवे स्टेशन को इसके मूल गौरव को सफलतापूर्वक बहाल करने के बाद यूनेस्को द्वारा सम्मानित किया गया है। बाइकुला रेलवे स्टेशन किस राज्य में स्थित है?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) गुजरात
(c) राजस्थान
(d) महाराष्ट्र

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (d) | (a) | (c) | (b) | (a) | (d) | (b) | (c) | (d) |